Title: Need for construction of an under-bridge at Khariphatak Road railway crossing in Vidisha, Madhya Pradesh.

श्री शिवराज सिंह (विदिशा) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश स्थित मेरे संसदीय क्षेत्र विदिशा के विदिशा नगर में खरीफाटक रोड पर रेलवे गेट से बड़ी संख्या में वाहनों का आना-जाना होता है। कृषि उपज मंडी होने के कारण हजारों ट्रैक्टर तथा ट्राली भी इसी रास्ते से आते तथा जाते हैं। यहां पर सभी महत्वपूर्ण विद्यालय होने के कारण हजारों की संख्या में विद्यार्थियों का आवागमन भी इसी गेट से होता है, किंतु रेलों के आवागमन के कारण यह गेट अधिकांश समय बंद ही रहता है। इस कारण हजारों लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यदि खरीफाटक रोड के पास ही एक अंडरब्रिज बना दिया जाये जिसके लिए एक बार सर्वे हुआ था तो इस असुविधा से जनता को बचाया जा सकता है। अंडरब्रिज के निर्माण के बाद रेलवे के इस गेट को भी बंद किया जा सकता है, जिसके कारण रेलवे पर आने वाला ि वत्तीय भार भी कम किया जा सकता है। अत: उक्त स्थान पर अंडरब्रिज बनाने हेतु सभी औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण करें।

MR. SPEAKER: I now allow Shri P. Mohan as a special case.